**29/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

जिला ओलंपिक कोऑर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष दिक्तो येकार के नेतृत्व में कमेटी ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। कमेटी ने राज्यपाल को राज्य में खेल गतिविधियों को मजबूत करने और जिलों से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन करने के लिए राज्य ओलंपिक कमेटी के साथ बेहतर समन्वय की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने जिला ओलंपिक कोऑर्डिनेशन कमेटी को ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने का सुझाव दिया, ताकि खेल में रुचि रखने वाले हर सक्षम व्यक्ति को अपनी रुचि को आगे बढ़ाने का मौका मिल सके।

0000000000000000000000

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री, तोकहन साहू ने कल राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। बैठक में उन्होंने राज्य में शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार, इससे जुड़ी चुनौतियों और बेहतर जीवन-शैली की लोगों की आकांक्षाओं पर सार्थक चर्चा की।

राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री से राज्य सरकार को व्यावहारिक तरीकों और रणनीतियों के बारे में सलाह देने एवं मार्गदर्शन करने का आग्रह किया, ताकि शहरी विकास की तीव्र गति से होने वाले दबाव को नियंत्रित करने के साथ ही यह विकास और जन-केंद्रित रहे।

0000000000000000000000

राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज ईटानगर में गांगदा युरचुम गिरिजापति शिव मंदिर में गांगदा युरचुम ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि यह कार्यालय राज्य की पारंपरिक संस्कृति, मूल्यों और सामुदायिक भावना को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने और लोगों की भलाई के लिए काम करेगा। इस बीच, श्री नातुंग ने दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं।

0000000000000000000000

लेपा रादा विधायक, न्याबी जिनि दिर्ची ने आज ईटानगर के बैंक्वेट हॉल में अरुणाचल प्रदेश की महिला जनप्रतिनिधियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। 'बदलाव को बढ़ावा देना, स्थानीय प्रशासन में महिला नेताओं को सशक्त बनाना' थीम का उद्देश्य नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं को सशक्त बनाना और स्थानीय प्रशासन में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर RD&PR सेक्रेट्री डॉ. सोनल स्वरूप रिबा, ज़ेडपीसी, कामले, बिरि सांति निदो और SIRDPR के डाइरेक्टर, हाबुंग लांपुंग सहित अन्य उपस्थित रहे।

0000000000000000000000

ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग ने आज बोलेंग के डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की एक विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई कि सभी ग्रामीण विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इसके अलावा, बैठक में जिले में चल रही सभी योजनाओं के प्रदर्शन, प्रगति और प्रभाव का मूल्यांकन भी किया गया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में, 'विजय ही विजय'-2025 का 8वां संस्करण - 'उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व, राष्ट्र निर्माण के लिए युवा' थीम के साथ राज्य स्तरीय युवा नेतृत्व विकास कार्यक्रम आज ईटानगर के वीकेवी चिंपू में शुरू हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य व्यक्तित्व विकास में मदद और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है, जिससे युवाओं का सर्वांगीण विकास हो सके।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू 1 अक्टूबर को समापन समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, अरुणाचल प्रांत द्वारा किया जा रहा है।

0000000000000000000000

एनसीसी निदेशालय, नॉर्थ ईस्ट रीजन, शिलांग के अंतर्गत 1 अरुणाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी ने आज जीरो में अपना सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास शिविर सफलतापूर्वक संपन्न किया। यह शिविर 23 सितंबर से आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य जीरो म्यूजिक फेस्टिवल से पहले और उसके दौरान आवश्यक सहायता और समन्वयित सेवाएं प्रदान करना था। विभिन्न संस्थानों के लगभग 140 एनसीसी कैडेट इस शिविर में शामिल हुए।

0000000000000000000000

8 बाइकर्स के एक समूह ने भारत-चीन सीमा पर स्थित पहले भारतीय गांव गेलिंग और ऐतिहासिक केपांग ला पास तक की कठिन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की। केपांग ला पास पर, बाइकर्स ने 1962 के युद्ध में देश के लिए अपनी प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

0000000000000000000000

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एशिया कप 2025 फाइनल के बाद हुई विवादित घटना की निंदा की है और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि इस साल नवंबर में दुबई में होने वाली आईसीसी कॉन्फ्रेंस में इस मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज की जाएगी। यह घटना तब हुई जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी, भारत की पाकिस्तान पर 5 विकेट की जीत के तुरंत बाद विजेता ट्रॉफी लेकर चले गए।

0000000000000000000000